मध्यप्रदेश विधान सभा

नवम्बर, 2001 सत्र

दैनिक कार्य सूची

मंगलवार, दिनांक 20 नवम्बर, 2001 (कार्तिक 29, 1923)

समय 10.30 बजे दिन

1. निधन उल्लेख

श्री विद्या भूषण ठाकुर, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा का निधन उल्लेख.

श्री कृष्ण कुमार कतारे, पूर्व सदस्य का श्री निधन उल्लेख किया गया.

2. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

3. नियम 138(1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) सर्वश्री कैलाश विजयवर्गीय, नरेन्द्र बिरथरे, कमल पटेल, सदस्य, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा इंदौर तथा धार जिले के उद्योगों के नवीनीकरण के प्रकरणों का निराकरण नहीं किये जाने की ओर आवास और पर्यावरण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री भूपेन्द्र सिंह, सदस्य, सागर जिले में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के छात्रों के नाम पर फर्जी तरीके से छात्रवृत्ति निकाले जाने की ओर आदिम जाति कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. वर्ष 2001-2002 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन

श्री अजय मुशरान, वित्त मंत्री, वर्ष 2001-2002 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन करेंगे.

5. वक्तव्य

श्री सुभाष यादव, उप मुख्यमंत्री, दिनांक 5 नवम्बर, 2001 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 6 (क्रमांक-2) के उत्तर में संशोधन करने के संबंध में वक्तव्य देंगे.

निर्धारित समय

6. शासकीय विधि विषयक कार्य

श्री रत्नेश सॉलोमन, उच्च शिक्षा मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय
1 घन्टा (संशोधन) विधेयक, 2001 (क्रमांक 25 सन् 2001) पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

7. नियम 139 के अधीन अविलम्बनीय लोक महत्व के विषयों पर चर्चा

(1) प्रदेश में सूखे से उत्पन्न स्थिति के संबंध में चर्चा का पुनर्ग्रहण.

1 घन्टा 30 मि. (2) प्रदेश में फैल रहे संक्रामक रोग (हैजा एवं आंत्रशोथ) से उत्पन्न स्थिति के संबंध में सर्वश्री हरीशंकर जायसवाल (हरि भैया), नरेन्द्र बिरथरे, सुनील नायक, लाल सिंह, नरेन्द्र सिंह तोमर, डॉ. सीतासरन शर्मा, सदस्य, चर्चा उठायेंगे.

भोपाल :
दिनांक : 19 नवम्बर, 2001

डॉ. ए. के. पयासी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.